नव भारत
राष्ट्रहित की प्रहरी 1934 से


5 रणनीतिक साझेदारी होगी मजबूत- राजनाथ


6 बदलते परिदृश्य में उभरती रणनीतिक साझेदारी


8 25वें ग्रैंड स्लैम के मिशन पर नोवाक जोकोविच


11 एक्शन अवतार में दिखेंगे अहान पांडे

# एक जून से होंगे तबादले

## तबादलों का इंतजार कर रहे शासकीय सेवकों को मिलेगी राहत

- पति-पत्नी को एक ही स्थान पर मिलेगी प्राथमिकता
- गंभीर बीमार शासकीय सेवकों के नहीं होंगे तबादले



**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 20 मई. भीषण गर्मी से जूझ रहे प्रदेश में अगले माह मानसून आने से पहले तबादलों का मौसम शुरू होगा. लंबे समय से तबादलों पर लगे प्रतिबंध खुलने का इंतजार कर रहे शासकीय सेवकों के लिए ये राहत की बौझार से कम नहीं होगी. बुधवार को कैबिनेट ने प्रदेश की वर्ष 2026 की नई तबादला नीति को हरी झंडी दे दी है.**

प्रदेश में एक जून से 15 जून तक तबादलों पर लगी रोक हटाई जाएगी. इस एक पखवाड़े की अवधि में प्रदेश में 60 हजार से अधिक तबादले होने की संभावना जताई जा रही है. हांलाकि अभी कैबिनेट ने एक पखवाड़े की ही छूट दी है, लेकिन बाद में इसमें कम से कम एक सप्ताह की बढ़ोतरी और की जा सकती है.

नई नीति के मुताबिक प्रदेश में ऐसे शासकीय सेवकों को तबादलों में प्राथमिकता मिलेगी, जो कि अलग- अलग स्थानों पर पदस्थ हैं, उन्हें एक ही जिले में पदस्थ किया जा सकेगा. यदि वे एक ही जिले में पहले से पदस्थ हैं, तो फिर उनका तबादला नहीं होगा.

### तबादला नीति के दायरे से ये संवर्ग बाहर रहेंगे

प्रदेश की नई तबादला नीति के दायरे से मप्र न्यायिक सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा, राज्य पुलिस सेवा, राज्य वन सेवा और मंत्रालय संवर्ग पर लागू नहीं होगा. जो विभाग जरुरत के हिसाब से अपनी अलग नीति तैयार करना चाहेंगे, वे भी नई नीति जारी कर सकेंगे, लेकिन इसके लिए जीएडी से पहले परामर्श करना होगा, वहीं सीएम समन्वय से अनुमोदन भी लेना होगा. पिछली बार की तरह स्कूल शिक्षा विभाग भी अलग नीति जारी कर सकेगा. गृह विभाग के तहत डीएसपी से नीचे के अमले के तबादले पुलिस स्थापना बोर्ड की सिफारिश पर जिले के भीतर एसपी द्वारा प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से जारी किए जा सकेंगे.

इसी तरह गंभीर रूप से बीमार शासकीय सेवकों को भी तबादलों से छूट मिलेगी. इस तरह के प्रकरणों को विभागों की तय सीमा के दायरे से बाहर रखा जाएगा. कैबिनेट बैठक में ही इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देरी पर नाराजगी जताई और बुधवार को ही तबादला नीति का प्रारूप जारी करने के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग को दिए. पिछले वर्ष 29 अप्रैल को तबादला नीति का प्रारूप जारी किया गया था, वहीं एक मई से 30 मई तक की अवधि तक तबादलों पर लगी रोक हटा ली गई थी. इस तरह एक माह की रियायत दी गई थी. लेकिन बार पिछले वर्ष से एक माह की देरी से तबादलों पर लगी रोक हटाई जाएगी, वहीं तबादलों पर लगी रोक की अवधि को घटाकर भी आधा कर दिया गया है.

**जिले के भीतर तबादलों में प्रभारी मंत्री और राज्य संवर्ग में विभागीय मंत्री की चलेगी:** नई नीति के... शेष पेज 12 पर

## एक नजर में



### मातृ और शिशु मृत्यु दर में अधिक तेजी से कमी आई

**नई दिल्ली.** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि देश ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में वैश्विक रुझानों से कहीं अधिक तेजी से महत्वपूर्ण कमी हासिल की है नड्डा ने बुधवार को जिनेवा में 79वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के दौरान मातृ, नवजात एवं बाल स्वास्थ्य साझेदारी की बोर्ड अध्यक्ष हेलेन क्लार्क के साथ द्विपक्षीय बैठक कीउन्होंने इस दौरान महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य के वैश्विक एजेंडे को आगे बढ़ाने के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया उन्होंने कहा कि भारत इस संगठन के साथ अपनी साझेदारी जारी रखने और इसके उद्देश्यों में सार्थक योगदान देने पर गर्व महसूस करता है.

### जापान के कागोशिमा में 5.9 तीव्रता का भूकंप

**जापान.** जापान के दक्षिणी हिस्से में कागोशिमा क्षेत्र में बुधवार को 5.9 तीव्रता का भूकंप आया. इस तेज झटके से इलाके की कई इमारतें हिल गईं और स्थानीय निवासियों के बीच भारी अफरा-तफरी और दहशत का माहौल पैदा हो गया. जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र ओकिनावा मुख्य द्वीप के पास था और इसे जापानी पैमाने (0-7) पर अपर 5 दर्ज किया गया. भूकंप के तुरंत बाद प्रशासन ने स्पष्ट किया कि फिलहाल सुनामी का कोई खतरा नहीं है.

### भारत-चीन रिश्तों में आने नया मोड़

**नई दिल्ली.** भारत-चीन रिश्तों में आने वाले सकारात्मक मोड़ को लेकर कूटनीतिक चर्चा तेज हो गई है. सूत्रों के अनुसार, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं. यदि यह यात्रा तय होती है, तो यह 2019 के बाद उनकी पहली भारत यात्रा होगी. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भी इस सम्मेलन में उपस्थिति सुनिश्चित है. पुतिन 31 अगस्त और 1 सितंबर को किर्गिस्तान के बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद दिल्ली आएंगे.

## गुस्ताखी माफ




### अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने का प्रस्ताव पास

**वॉशिंगटन डीसी.** अमेरिकी संसद ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सैन्य शक्तियों पर ब्रेक लगाते हुए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास कर दिया. इस प्रस्ताव के मुताबिक, अब ट्रम्प ईरान के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई के लिए पहले कांग्रेस की मंजूरी लेंगे. वोटिंग में चार रिपब्लिकन सांसदों ने भी डेमोक्रेट्स का साथ दिया, जबकि तीन रिपब्लिकन सदस्य वोटिंग में अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव 50-47 से पास हुआ इस कानून के लागू होने पर राष्ट्रपति केवल 60 दिन तक बिना संसद की अनुमति सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं.




एमएस धोनी ने चेपॉक को अलविदा किया!

# भारत ने सुरक्षा परिषद सुधार पर सवाल उठाए

- भारत का आरोप बहुमत राय यूएनएससी में दबाई गई

**नई दिल्ली, 20 मई. भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार को लेकर चल रही बातचीत के रिकॉर्ड रखने के तरीके पर सवाल उठाए हैं.**



भारत का कहना है कि पिछली बैठक के दस्तावेज में स्थायी और अस्थायी सदस्यता बढ़ाने के समर्थन को सही तरीके से नहीं दिखाया गया. संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि ज्यादातर सदस्य देश सुरक्षा परिषद में दोनों तरह की सदस्यता बढ़ाने के पक्ष में हैं, लेकिन दस्तावेज में इसे सिर्फ 'महत्वपूर्ण समर्थन' बताना बहुमत की राय को सही ढंग से नहीं दिखाता. वह सुरक्षा परिषद सुधारों पर हुई इंटरगवर्नमेंटल नेगोशिएशंस की बैठक में जी 4 समूह की ओर से बोल रहे थे.

# केदारनाथ मार्ग पर भूस्खलन में श्रद्धालु फंसे

- एसडीआरएफ ने 10 हजार से ज्यादा लोगों को बचाया
- बारिश में मुनकटिया क्षेत्र में सड़क अवरुद्ध हुई

**देहरादून, 20 मई. उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित भगवान शिव के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के पैदल यात्रा मार्ग पर मंगलवार देर रात भूस्खलन में फंसे लगभग दस हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं को राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) ने सुरक्षित निकाल लिया है.एसडीआरएफ के कमांडेंट आईपीएस अर्पण यदुवंशी ने बुधवार सुबह यह जानकारी दी.**



उन्होंने बताया कि सोनप्रयाग-गौरीकुंड के मध्य मुनकटिया क्षेत्र में अचानक भूस्खलन होने से मुख्य सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया. मार्ग बाधित होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु बीच रास्ते में फंस गए. रात्रि का समय, खराब मौसम, पहाड़ी क्षेत्र में लगातार गिरता मलबा तथा यात्रियों की भारी भीड़ के कारण स्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण बनी हुई थी. उन्होंने बताया कि घटना की सूचना जिला नियंत्रण केंद्र रुद्रप्रयाग द्वारा रात 21-16 बजे एसडीआरएफ को मिली. सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक आशीष डिमरी के नेतृत्व में सोनप्रयाग टीम आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए गई.

# 2 जून तक न्यायिक हिरासत में 5 आरोपी

**नीट पेपर लीक मामला**

- सीबीआई ने शुभम खैरनार की रिमांड बढ़ाने की मांग की

**नई दिल्ली, 20 मई. राउज एवेन्यू कोर्ट ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में बुधवार को पांच आरोपितों को 2 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया. आरोपितों में मंगीलाल बीवाल, विकास बीवाल, दिनेश बीवाल, यश यादव और धनंजय लोखंडे शामिल हैं.**

वहीं, सीबीआई ने इस मामले के एक अन्य आरोपी शुभम खैरनार की रिमांड सात दिन और बढ़ाने की मांग की है इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है और एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि प्रश्नपत्र लीक करने और इसे अभ्यर्थियों तक पहुंचाने के पीछे कौन-कौन लोग शामिल थे. अब तक देशभर के कई राज्यों से आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है. राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई द्वारा पेश किए गए तथ्यों के आधार पर पांच आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया. अदालत ने यह भी ध्यान दिया कि मामले की गंभीरता और संभावित सबूतों के संरक्षण के लिए हिरासत आवश्यक है.

सीबीआई ने शुभम खैरनार के मामले में कहा कि उसकी पूछताछ आवश्यक है और रिमांड बढ़ाने से एजेंसी को मामले के अन्य पहलुओं की जांच करने में मदद मिलेगी.

### चैनलों की पहचान कर ब्लॉक और हटाने के लिए निर्देश

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट-यूजी परीक्षा को सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ बुधवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की. श्री प्रधान ने अधिकारियों को फर्जी जानकारी, दुष्प्रचार और अफवाह फैलाने वाले चैनलों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक और हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को शिक्षा मंत्रालय, एनटीए और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर तेजी से कार्रवाई करनी होगी. उन्होंने कहा कि छात्रों को भ्रामक सूचनाओं से बचाना और परीक्षा प्रणाली में जनता का भरोसा बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. बैठक में परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम और सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया गया. बैठक में शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और एनटीए के महानिदेशक ने भी हिस्सा लिया. अधिकारियों ने परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संभावित कमजोरियों की पहचान और समय रहते निवारक एवं सुधारात्मक कदम उठाने पर चर्चा की.



प्रधान ने नीट परीक्षा को लेकर की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# जिनपिंग का पश्चिम एशिया में लड़ाई रोकने का आह्वान

- रूस के पुतिन से चर्चा, शांति और वैश्विक स्थिरता पर जोर

**बीजिंग, 20 मई. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर चीन की राजधानी बीजिंग पहुंचे. वंहा पर राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को अहम बैठक की.**



वार्ता का आयोजन ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में किया गया था. इस दौरान आपसी संबंधों को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई, 20 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए इसके साथ ही मध्य एशिया के बिगड़े हालात पर भी मंथन हुआ.वहीं संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिनपिंग ने मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध को लेकर चेतावनी दी. बैठक में उन्होंने कहा कि दुनिया फिर जंगलराज की तरफ बढ़ रही है. उन्होंने कहा कि अगर लड़ाई नहीं रुकी तो अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और वैश्विक स्थिरता पर बड़ा असर पड़ेगा.

उन्होंने कहा कि एकतरफा सैन्य कार्रवाई और लंबे समय तक चलने वाला युद्ध दुनिया को ऐसे दौर में ले जा सकता है, जहां अंतरराष्ट्रीय नियम कमजोर पड़ जाएं. ऐसी स्थिति में लड़ाई रोकना बेहद जरूरी है. जिनपिंग ने अपनी बात में यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्थिति अस्थिर है और एकपक्षवाद और वर्चस्ववाद फिर से उभर रहे हैं. उन्होंने शांति, विकास और सहयोग को लोगों की आकांक्षा बनाए रखने पर जोर दिया. चीन और रूस के बीच घनिष्ठ समन्वय का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देशों को वैश्विक शासन व्यवस्था को अधिक न्यायसंगत और तर्कसंगत बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए. क्रेमलिन के अनुसार, पुतिन की चीन यात्रा के दौरान लगभग 40 समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है. पुतिन ने जिनपिंग को अपना प्रिय मित्र बताया और दोनों नेताओं के बीच रणनीतिक साझेदारी और सहयोग को रेखांकित किया. रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, पुतिन ने उद्घाटन संबोधन में कहा कि रूस-चीन संबंध अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गए हैं और दोनों देश व्यक्तिगत रूप से तथा सहयोगियों के माध्यम से लगातार तालमेल बनाए रखते हैं.

# दिल्ली हाई कोर्ट से आप को राहत

- केजरीवाल, सिसोदिया और दुर्गेश पाठक को राहत
- चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की याचिका हुई खारिज

**नई दिल्ली, 20 मई. दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को आम आदमी पार्टी और उसके शीर्ष नेताओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया. यह याचिका सतीश कुमार अग्रवाल ने दायर की थी, जिसमें केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, आप और पार्टी नेताओं को पक्षकार बनाया गया.**

याचिका में मांग की गई थी कि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक को चुनाव लड़ने से रोक दिया जाए



और पार्टी का पंजीकरण रद्द किया जाए. याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि नेताओं ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत में चल रही कार्यवाही में हिस्सा लेने से इनकार किया, जो संविधान और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत 'सच्ची निष्ठा' की भावना के विपरीत है.

याचिका में यह भी कहा गया कि अदालत के आदेशों से असहमति होने पर कानूनी उपाय उपलब्ध हैं, लेकिन किसी भी पक्ष को अदालत की कार्यवाही का बहिष्कार करने का अधिकार नहीं है. हालांकि कोर्ट ने याचिका को आधारहीन माना. अदालत ने कहा कि चुनाव लड़ने के अधिकार और किसी राजनीतिक दल के पंजीकरण को रद्द करने के मामले में कानून में तय प्रक्रिया है, और इस पर सीधे हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता. कोर्ट का यह फैसला आप के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है क्योंकि विपक्ष लगातार पार्टी नेतृत्व को निशाने पर बना रहा था. इस फैसले से स्पष्ट संदेश गया कि अदालत केवल तथ्यों और कानून के आधार पर ही कार्रवाई करेगी.

**मुलाकात** | अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद यूरोपीय देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे हैं

# भारत-इटली संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा

**रोम, 20 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पांच देशों के दौरे के आखिरी दिन इटली की राजधानी रोम पहुंचे, वहां, उनकी मुलाकात इटली की प्रधानमंत्री जिऑर्जी मेलोनी से गर्मजोशी के साथ हुई.दोनों नेताओं ने डिनर के दौरान वैश्विक मुद्दों, व्यापार, रक्षा और भारत-इटली संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की.**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को भारत की मशहूर मेलोडी टॉफी का पैकेट गिफ्ट किया है .यह एक बेहद अनौपचारिक और मजेदार पल था, जो इंटरनेट पर छाए उनके मेलोडी ट्रेंड को समर्पित है.

अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद यूरोपीय देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे हैं. यूरोपीय देश अमेरिका के दोहरे रवैये से परेशान होकर अब भारत से व्यापारिक संबंध मजबूत करना चाहते है. वहीं, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी उन्हें मेलोडी टॉफी देते नजर आए। टॉफी लेने के बाद मेलोनी मुस्कुराते हुए कहती हैं, वेरी वेरी गुड टॉफी. इसके बाद यह वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो गया.

### कुछ ही घंटों में 11.2 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिले

खबर लिखे जाने तक प्रधानमंत्री मोदी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस वीडियो को 112 मिलियन यानी 11.2 करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका था.वीडियो ने बेहद कम समय में सोशल मीडिया पर नया रिकॉर्ड बना दिया.

### आर्थिक और औद्योगिक सहयोग

इटली- औद्योगिक शक्ति और मेड इन इटली के लिए प्रसिद्ध.
भारत- तेज आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, 200,000 स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न कंपनियाँ. दोनों देशों का लक्ष्य व्यापार 2029 तक 20 अरब यूरो तक बढ़ाना, विशेष रूप से रक्षा, एयरोस्पेस, स्वच्छ तकनीक, मशीनरी.

### तकनीकी और नवाचार सहयोग

सहयोग क्षेत्रों में एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत निर्माण, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और महत्वपूर्ण खनिज शामिल हैं.



# मिथिला एक्सप्रेस को जलाने की साजिश

## आरपीएफ को ट्रेन के टॉयलेट से पेट्रोल में भीगा आधा जला कपड़ा मिला

**हावड़ा, 20 मई. हावड़ा स्टेशन पर खड़ी मिथिला एक्सप्रेस ट्रेन में कथित आगजनी की साजिश सामने आई. रेलवे मंत्रालय के अनुसार, ट्रेन के तीसरे कोच के बाथरूम से धुआं और आग का पता चला.**

आरपीएफ और रेलवे कर्मचारियों की त्वरित सतर्कता से आग पर सात मिनट के भीतर काबू पा लिया गया. शुरुआती जांच में कोच के टॉयलेट से पेट्रोल में भीगा आधा जला कपड़ा बरामद हुआ, जिससे आगजनी की साजिश की आशंका जताई जा रही है.रेलवे मंत्रालय ने बताया कि मिथिला एक्सप्रेस दोपहर हावड़ा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर पहुंची. 3:45 बजे यात्रियों ने धुआं देखा और तुरंत रेलवे स्टाफ को सूचित किया. रेलकर्मियों ने फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग कर आग पर नियंत्रण पाया.